सप्ताह की शुरुआत प्रेरक विचारों के साथ, जो जीवन में भरेंगे नई ऊर्जा और जोश

राजस्थान पत्रिका

प्रेरणा: जीवन का असल नाम संघर्ष है

सुधा मूर्ति
उद्योगपति, समाजसेवी व लेखिका

मंडे मोटिवेशन
MONDAY MOTIVATION

चुनौतियों को लेकर सुधा मानती हैं-

1 हर व्यक्ति के जीवन में एक लक्ष्य होना चाहिए, जिसको पाने की कोशिश हमेशा करनी चाहिए।

2 जीवन कठिन है। कठिन का मतलब बुरा नहीं होता, जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

3 मार्क करना ठीक है, मूल्यांकन बेहतर है, आगे बढ़ना सबसे अच्छा होता है।

4 जिस दिन आपमें सीखने की ललक खत्म हो जाती है, आप उसी दिन से बूढ़े होने लगते हैं।

राजस्थान पत्रिका . सुबह, सोमवार, 31 जुलाई, 2023 | जयपुर . पिलानी . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . चूरू . झुंझुनूं . बिसाऊ . भागड़ . सूरजगढ़ . खेतड़ी . पिलानी | patrika.com

झुंझुनूं पत्रिका

चाहें ज्यादा खबरें, देखें फोटो/वीडियो
#Readers Connect #jhunjhunu News
patrika.com/jhunjhunu-news

इस आइकन से जुड़ी सभी क्यूआर कोड स्कैन कर चाहें, देखें, सुनें
क्यूआर कोड मोबाइल से करें स्कैन
खबरें समस्याएं सुझाव फोटो वीडियो पॉडकास्ट

उदयपुर में सीएसआईआर ने जीता बेस्ट इनफोरमेटिव स्टॉल का पुरस्कार

पिलानी. उदयपुर में आयोजित उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में सीएसआईआर ने सर्वश्रेष्ठ इनफोरमेटिव स्टॉल का पुरस्कार जीता। 25 से 27 जुलाई के दौरान आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में सीएसआईआर के स्टॉल को जानकारी देने वाले सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में सराहना मिली। प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों अतिथियों एवं अन्य आगंतुकों ने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा जनहित में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की। समापन सत्र में उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा ने सीएसआईआर को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। सीरी के वैज्ञानिक डॉ. विजय चटर्जी ने सीएसआईआर की ओर से यह ट्रॉफी प्राप्त की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीणा ने देश के विकास में सीएसआईआर के योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। गौरतलब है कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक संस्थाओं एवं संगठनों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में पिलानी स्थित सीएसआईआर-सीरी और भावनगर स्थित सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई ने सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। सीरी की ओर से दूध और शहद में मिलावट का पता लगाने के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक पोस्टरों के माध्यम से सीरी की अन्य प्रौद्योगिकियों का भी प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी में संस्थान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम शिल्प के अलावा विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सीएसआईआर-सीएमसीआरआई ने भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस को लाभान्वित करने के लिए विकसित नमक समुद्री एवं पर्यावरण हितैषी हरित रसायनों से संबंधित प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी।